of the Committee has been circulated to the concerned departments and Development Commissioners of the EPZs for their views. At present EPZs exist at Gandhidham (Gujarat), Bombay (Maharashtra), Madras (Tamil Nadu), Cochin (Kerala), Noida (UP) and Falta (West Bengal). An EPZ at Visakhapatnam is under development. There is no proposal to set-up additional EPZs.

राज्य व्यापार निगम, खनिज तथा धातु व्यापार निगम और प्रोजेक्ट एंड इक्विपमेंट कारपोरेशन का कार्यकरण

1915. **श्री वीरेन जे० शाह :**
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या **वाणिज्य मंत्री** 21 जुलाई, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न सं० 1149 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश म आयात-निर्यात का दायित्व सरकारी क्षेत्र के तीन प्रमुख संस्थानों द्वारा निभायाँ जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इन तीनों संस्थानों अर्थात राज्य व्यापार निगम, खनिज तथा धातु व्यापार निगम और प्रोजेक्ट एण्ड इक्विपमेंट कारपोरेशन का कारोबार सरकार की उदार आयात-निर्यात नीति के कारण पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम हो गया है ;

(ग) यदि हां, तो गत वर्षों की तुलना में वर्ष 1991–92 के दौरान उनके कारोबार में कितनी कमी हुई है; और

(घ) इन संस्थानों में मार्च, 1992 के अंत में कुल कितने लोग कार्यरत थे और इन संस्थानों का वार्षिक बजट कितना-कितना है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सलमान खुर्शीद) : (क) एस टी सी, एम एम टी सी और पी ई सी देश में आयात-निर्यात के दायित्व का वहन करने वाली प्रमुख राज्य व्यापार कंपनियां हैं ।

(ख) और (ग) आयात और निर्यात की मदों का भारी संख्या में सरणीयन समाप्त करने के संदर्भ में इन कंपनियों में अपने निगम उद्देश्यों का पुनर्निर्धारण किया है ताकि वे मुख्य रूप से गैर-सरणीकृत व्यापार पर आधारित प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में कार्य करने वाले अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार घराने बन सकें ।

पिछले दो वित्तीय वर्षों के दौरान एस०टी०सी, एम०एम०टी०सी० और०पी०ई० सी० का कुल कारोबार निम्नलिखित रहा :–

(करोड़ रु० में)

वर्ष	एस०टी०सी	एम०एम०	पी०ई०सी० टी०सी०
1990–91	1756	5622.98	135.47
1991–92	1315	791000 (अनन्तिम)	195.16 (अनन्तिम)

मदो के गैर सरणीकरण के कारण एस०टी०सी० के कारोबार म कुछ कमी आई है लेकिन वित्तीय वर्ष 1991–92 के दौरान वित्तीय वर्ष 1990–91 की तुलना में पी०ई०सी० और एम०एम०टी०सी० के कारोबार में कोई गिरावट नहीं हुई है ।

(घ) दिनांक 31–3–1992 के अनुसार इन कम्पनियों में मानव शक्ति की स्थिति निम्नलिखित थी :–

एस०टी०सी	एम०एम० टी०सी०	पी०ई०सी
1962	3648	259

इन कम्पनियों का वर्ष 1992–93 के लिये अनुमानित निष्पादन लक्ष्य व बजट नीचे दिया गया है :–

(करोड़ रुपयों में)

एस०टी०सी०	एम०एम०टी०सी०	पी०ई०सी०
1525	5587	310.80